राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 21 नवम्बर। राजस्थान सरकार में नवनियुक्त मंत्रिमण्डल सदस्यों का आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा नवनियुक्त मंत्रीगणों को तिलक लगकार शुभकामनाएं प्रदान की गई।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी नवनियुक्त मंत्रीगणों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन की सलाह पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी जी ने राजस्थान के विकास हेतु सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऊर्जावान सदस्यों को नई जिम्मेदारी दी है जो राजस्थान के विकास में अहम भूमिका निभायेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान के विकास के लिए आलकमान द्वारा एक बेहद ही ऊर्जावान टीम प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे साथियों ने मंत्री पद छोड़कर संगठन में काम करने का जो जज्बा दिखाया वह निश्चित रूप से अनुकरणीय है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि हम अपनी पार्टी की विचारधारा को लेकर आम जनता की सेवा करने का बीड़ा उठाते हैं यही कांग्रेस की पहचान है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एवं नेताओं ने जो चुनौतियां सामने आई उनका डटकर सामना किया और इसी का परिणाम है कि आज राजस्थान की जनता का हमें प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया है, जमानत जप्त हो गई है और कांग्रेस पार्टी लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे मंत्री हमेशा कार्यकर्ताओं के मध्य रहकर काम करेंगे तथा आलाकमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिस प्रकार मिलजुलकर कार्य कर रहे हैं उसी के चलते हम आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार प्रदेश में पुनः बनायेंगे।

\-------------

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 24 नवम्बर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री हीरालाल शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के मंत्री डॉ. महेश जोशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री भूराराम सिरवी, श्री मुमताज मसीह, श्री राजेश चौधरी, श्रीमती मंजू शर्मा, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री जयकिशन, श्री शरीफ खान, श्री बी. एम. मिश्रा, श्री दीपक धीर, श्री पंकज दाधीच, श्री राधाकृष्ण जांगिड़, श्री राजू खान, श्री गोपाल नावरिया, श्री सुनिल आमेरिया, श्री खंगाराम चौधरी, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री नरेश चौधरी सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री हीरालाल शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

\- - - - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter